# टीवी पर मैरी कॉम का रोल निभाना चाहती हैं अंगूरी भाभी



टेलिविजन पर भाभीजी के नाम से मशहूर शुभांगी अत्रे ने मैरी कॉम की तारीफ करते हुए कहा कि वह छोटे पर्दे पर उनके रोल को निभाना चाहती हैं। भाभीजी घर पर हैं की अंगूरी भाभी ने बताया कि वह भारतीय महिला मुक्केबाज मैरी कॉम की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं और छोटे पर्दे पर उनका किरदार निभाना चाहती हैं। बता दें कि मैरी कॉम ने हाल ही में छठा विश्व खिताब जीता है।

मैरी कॉम की तारीफ करते हुए 'भाभीजी घर पर है!' की अभिनेत्री शुभांगी ने टेलिविजन शो के निर्माताओं से बॉक्सर मैरी कॉम के जीवन पर एक शो बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि टीवी पर मैरी कॉम के जीवन पर आधारित एक शो की जरूरत है। वह युवाओं की प्रेरणा हैं और पर्दे पर उनके किरदार को देखना युवाओं को प्रोत्साहित करेगा।'

शुभांगी ने कहा, 'मैं खुद चाहती हूं कि मेरी बेटी उनसे ज्यादा से ज्यादा सीखें। अगर मुझे मौका दिया जाता है, तो पर्दे पर उनकी भूमिका निभाना पसंद करूंगी।'

बता दें कि भाभीजी सीरियल में जो रोल फिलहाल शुभांगी अत्रे कर रही हैं, वह पहले शिल्पा शिंदे निभा रही थीं। लेकिन विकास गुप्ता से विवाद के बाद उन्होंने शो छोड़ दिया था और यह रोल शुभांगी को मिला। इससे पहले शुभांगी ने कस्तूरी, दो हंसों का जोड़ा और कसौटी जिंदगी की सीरियल में काम किया है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# सारा ने देखा घबराए कार्तिक आर्यन का विडियो, बोलीं – कितना हकला रहे थे



सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म केदारनाथ को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। पिछले दिनों वह अपने पिता सैफ के साथ करण जौहर के शो कॉफी विद करण पर भी गई थीं, जहां पर उन्होंने शादी और डेट करने के एक सवाल पर कार्तिक आर्यन और रणबीर कपूर का नाम लिया था।

सारा ने जब कार्तिक का वह घबराया और हकलाने वाला अंदाज देखा तो कहा कि वह तो सारी दुनिया के सामने खुलकर कई बार अपनी बात बोल गईं, लेकिन वह (कार्तिक) तो हकला रहे हैं। प्रमोशनल इंटरव्यू के दौरान डेट करने के सवाल पर सारा कहती हैं, वैसे तो मुझे ऐसा नहीं लगता कि कोई मुझे डेट करना चाहता है, लेकिन यदि मुझे डेट करना है तो डेट करने वाले को मुझे हंसाना पड़ेगा और मेरे दिमाग को समझकर कोई भी बात समझना पड़ेगा।शादी और डेट दोनों अलग-अलग चीजें हैं, दोनों ही मामलों में आपकी प्राइऑरटी अलग होती है, शादी में परिवार इन्वॉल्व होता है, इस बारे में मुझे खूब सोच-समझ कर बोलना चाहिए, वरना मैं फंस जाऊंगी।

सारा कहती हैं, मैंने कार्तिक आर्यन का वह विडियो देख लिया है। मतलब क्या है यह, मैंने इतने कॉन्फिडेंस के साथ, खुलकर, सबके सामने बार-बार, लगातार बोले जा रही हूं और वह हिचकिचा रहे हैं, वह भी इस तरह। वह हकला रहे थें, जवाब देते समय। सारा के साथ फिल्म केदारनाथ में सुशांत सिंह राजपूत भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म काई पो चे और रॉक ऑन बनाने वाले निर्देशक अभिषेक कपूर ने फिल्म का निर्देशन किया है। यह फिल्म 7 दिसंबर को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

# जोनस, चोपड़ा परिवार के एक होने से परिणीति खुश



अभिनेत्री परिणीती चोपड़ा चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी गायक निक जोनस से शादी को लेकर बहुत खुश हैं और इसके लिए उन्होंने एक भावनात्मक नोट भी लिखा है। परिणीति का कहना है कि वह खुश है कि सांस्कृतिक रूप से दो अलग संस्कृतियों का मिलन हुआ है। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर प्रियंका की मेंहदी की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि निक का अपने परिवार में स्वागत किया और अपने जीजू की प्रशंसा भी की।

उन्होंने कहा, हम ब्राइडमेड का काम यह सुनिश्चित करना था कि दुल्हन खुश और सहज रहे, लेकिन हमें इस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं थी क्योंकि निक ने ताउम्र ऐसा करने का वादा किया है। उन्होंने कहा, 卐निक जीजू परिवार में आपका स्वागत है। मैं बहुत खुश हूं कि जोनस और चोपड़ा परिवार अब एक हो गए हैं।

इस जोड़े ने शनिवार को इंस्टाग्राम अपनी मेहंदी की कुछ तस्वीरें भी साझा की। उन्होंने लिखा, हमारे रिश्ते में सबसे खास चीजों में से एक चीज परिवार की एकजुटता है, जो एक-दूसरे की सांस्कृति और विश्वास का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, और इसलिए दोनों रीति-रिवाजों से हमारी शादी की योजना बनाना अद्भुत रहा। प्रियंका और निक शनिवार को ईसाई रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंध गए। यह जोड़ा रविवार को हिंदू रीति-रिवाज से भी शादी करेगा।



# छम्मा छम्मा के रीमेक का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं : एली अवराम

भिनेत्री एली अवराम का कहना है कि वह छम्मा छम्मा के रीक्रिएशन का हिस्सा बनने के लिए आभारी हैं और उन्होंने इसे टाइमलेस आइकोनिक गीत बताया। एली ने ट्विटर पर वर्ष 1998 की फिल्म चाइना गेट के गीत की कुछ झलकियां जारी की। इसका मूल गीत उर्मिला मातोंडकर पर फिल्माया गया था।

तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, जल्द आ रहा है..बहुत जल्द। छम्मा छम्मा रीक्रिएशन, लेकिन पहले मैं यह कहना चाहूंगी कि मैं खूबसूरत और शक्तिशाली उर्मिला मातोंडकर के साथ ऐसे टाइमलेस आइकोनिक गीत के रीमेक का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं। मनीष भट्ट द्वारा निर्देशित फिल्म फ्रॉड सैंया में एली इस गीत के रीमेक पर डांस करती दिखेंगी। यह मनीष भट्ट द्वारा निर्देशित है। आदिल शेख ने गीत कोरियोग्राफ किया है। यह तनिष्क बागची द्वारा रीक्रिएट किया गया है और नेहा कक्कड़ द्वारा गाया गया है। राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित, चाइना गेट में नसीरुद्दीन शाह, डैनी डेंजोंगप्पा, परेश रावल और दिग्गज अभिनेता ओम पुरी और अमरीश पुरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे।

# जादुई मुंबई बनाने की जरूरत है : शाहरुख खान

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान का कहना है कि मुंबई के लोगों को अपने लिए जादुई मुंबई बनाने की जरूरत है। अभिनेता शाहरुख खान मुंबई 2.० समारोह में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। यह महाराष्ट्र सरकार द्वारा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ आयोजित किया गया था। मुंबई के लोगों के बारे में बात करते हुए शाहरुख ने मुंबई शहर और इसके लोगों के लचीलेपन और धैर्य की सराहना की।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि धैर्य से ज्यादा, मुंबई के लोगों के व्यक्तित्व में लचीलापन है। ज्यादातर अवसरों पर हमने यह देखा है चाहे बारिश हो, ट्रैफिक जाम या और कोई अड़चन, मुंबई हमेशा से लचीली रही है, मजबूत खड़ी रही है और पर कठिनाई का सामना प्यार, दया और हिम्मत से करती रही है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इसके अलावा एक और चीज जो हमें मुंबईवासियों में शामिल करने की जरूरत है वह है मुंबईवासियों के जादुई हिस्से को शमिल करना। हमारी मुंबई लचीली और सुंदर है लेकिन हमें जादुई मुंबई बनाने की आवश्यकता है। आनंद एल.राय द्वारा निर्देशित शाहरुख की अगली फिल्म जीरो 21 दिसंबर को रिलीज हो रही है।

